सन्दर्भ संख्या–16140170327125

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
गाजियाबाद ।

पत्रांकः–वैय0स0/ 6957-58 /2017–18 दिनांक 14-9-17

विषयः– श्री सलेन्द्र कुमार सिंह गाजियाबाद के ऑनलाईन सन्दर्भ संख्या–16140170327125 दिनांक 24–08–2017 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक , श्री सलेन्द्र कुमार सिंह गाजियाबाद के ऑनलाईन सन्दर्भ संख्या–16140170327125 दिनांक 24–08–2017 जो आई0जी0 आर0 एस0 उत्तर प्रदेश वेबसाइट के माध्यम से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या–30612/2017 में पारित आदेश दिनांक 03–08–2017 के अनुपालन के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रेजीडेन्ट एन0सी0आर0अभिभावक संघ ने अपने पत्र के साथ उक्त याचिका के पारित आदेश दिनांक 03–08–2017 की छॅायाप्रति संलग्न कर इस कार्यालय में दिनांक 11–8–2017 को उपलब्ध करायी गयी । जिसके क्रम में कार्यालय के पत्रांक वैय0स0/5648–55/2017–18 दिनांक 11–8–2017 के द्वारा जनपद गाजियाबाद के सी0 बी0 एस0 ई0/आई0सी0एस0ई0 बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों को उपरोक्त याचिका के पारित निर्णय का अनुपालन करने के निर्देश दिये गये तथा सम्बन्धित पत्र में प्रेजीडेन्ट एन0सी0आर0 अभिभावक संघ को यह भी उल्लेखित किया गया है कि यदि किसी संस्था के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य द्वारा आर0टी0ई0 अधिनियम का उल्लधन किया जाता है तो उसकी सूचना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजियाबाद को देने का कष्ट करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण माध्यमिक शिक्षा विभाग से पुंजित करने का कष्ट करें।

भवदीय

14/9/17

जिला विद्यालय निरीक्षक
गाजियाबाद।

पृ0सं0ः–वैय0स0/6957-58 /2017–18 उक्त तिथि को ।

प्रतिलिपि :– श्री सलेन्द्र कुमार सिंह गाजियाबाद को सूचनार्थ प्रेषित ।

जिला विद्यालय निरीक्षक
गाजियाबाद।